PRATIGYA
Campaign for Gender Equality and Safe Abortion.

प्रतिज्ञा कैम्पेन फॉर जेंडर इक्वैलिटी एंड सेफ़ एबॉर्शन
सदस्य घोषणा-पत्र

हम कौन हैं
हम व्यक्तियों और संगठनों का एक ऐसा समूह हैं जो एक साझा उद्देश्य के लिए कार्य करता है — महिलाओं, किशोरियों और उन सभी लोगों के प्रजनन अधिकारों की रक्षा और संवर्धन, जिन्हें गर्भपात सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है , सुरक्षित गर्भपात सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना, और भारत में लैंगिक समानता को अग्रसर करना। प्रतीज्ञा सरकारों, सिविल सोसायटी, चिकित्सा एवं विधिक विशेषज्ञों और मीडिया के साथ राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर मिलकर लैंगिक समानता, प्रजनन न्याय, एवं सम्मानजनक और कलंक-रहित गर्भपात सेवाओं को बढ़ावा देती है।

हमारे साझा मूल्य
प्रतीज्ञा अभियान के सभी सदस्य निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों का समर्थन करते हैं और उन्हें आगे बढ़ावा देते हैं:

1. **चयन और स्वायत्तता का सम्मान** – हर महिला, किशोरी, और वह हर व्यक्ति जो गर्भवती हो सकता है, को अपने शरीर और प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में सूचित निर्णय लेने का अधिकार है।
2. **अकलंकन (कलंक-मुक्ति)** – हम गर्भपात को आवश्यक स्वास्थ्य सेवा के रूप में मान्यता देते हैं और किसी भी प्रकार के कलंक, शर्म या नैतिक निर्णय को अस्वीकार करते हैं।
3. **साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण और ईमानदारी** – हमारा काम विश्वसनीय शोध, डेटा और वास्तविक अनुभवों पर आधारित होता है।
4. **एकजुटता और सहयोग** – हम सामूहिक रूप से कार्य करते हैं और सभी सदस्यों के दृष्टिकोण एवं योगदान का सम्मान करते हैं।
5. **समावेशन** – हम सभी महिलाओं, किशोरियों और लिंग-विविध व्यक्तियों, के अधिकारों का समर्थन करते हैं, चाहे वे किसी भी जाति, वर्ग, धर्म, आयु, वैवाहिक स्थिति, या क्षमता से हों।

सदस्य होने के हमारे दायित्व
प्रतीज्ञा अभियान का हिस्सा बनकर सदस्य निम्नलिखित के लिए सहमति देते हैं:

- अपने व्यावसायिक और अधिवक्तिकरण के क्षेत्रों में अभियान के मूल्यों को बढ़ावा देना।
- जहाँ संभव हो, चर्चाओं, कार्य समूहों और सामूहिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें।
- सुरक्षित गर्भपात और लैंगिक समानता के मुद्दों पर सामूहिक समझ और अधिवक्तिकरण को मजबूत करने हेतु ज्ञान, अंतर्दृष्टि और संसाधन साझा करना।
- अपने समूह, मंचों और संचार के माध्यमों से अभियान के संदेशों को ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाना।
- अभियान से जुड़ी सभी संवादों और सहयोगों में ईमानदारी, पारदर्शिता और परस्पर सम्मान बनाए रखना।
- हितों के टकराव से बचना तथा किसी भी ऐसी गतिविधि से दूर रहना जो अभियान के उद्देश्य या विश्वसनीयता को प्रभावित करे।

सदस्यता की पुष्टि

इस घोषणा-पत्र का अनुमोदन करते हुए, मैं/हम प्रतिज्ञा अभियान के साझा मूल्यों और उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, और भारत में महिलाओं, किशोरियों और लिंग-विविध व्यक्तियों के प्रजनन अधिकारों के लिए सहयोग, सम्मान एवं अधिवक्तिकरण की भावना को बनाए रखने के लिए सहमत हैं।